Hindi

VICTORIAN THERAPEUTICS ADVISORY GROUP

सर्जरी के बाद दर्द-निवारक दवाईयाँ

इस जानकारी का प्रयोजन यह है कि इसे सर्जरी के बाद दर्द निवारण के लिए प्रिस्क्रिप्शन या दवाईयों की सप्लाई के साथ दिया जाए। विशिष्ट निर्देशों के लिए कृपया प्रिस्क्रिप्शन या लेबल का संदर्भ करें।

सर्जरी के बाद दर्द

सर्जरी के बाद कुछ दर्द होना सामान्य है। हो सकता है कि सर्जरी के बाद दर्द को नियंत्रित करने और इससे राहत पाने के लिए आपको कुछ दवाईयों का सेवन करने की ज़रुरत पड़े।

ये दवाईयाँ आपको अपने दर्द को कम करने तथा आपकी सामान्य गतिविधियों में और अधिक शीघ्रता से लौटने में आपको सक्षम बनाने में मदद करेंगी।

कौन सी दवाईयाँ सहायता दे सकती हैं?

आपकी सर्जरी के बाद आपका डॉक्टर यह आकलन करेगा कि आपके लिए कौन सी दर्द-निवारक दवाईयाँ सबसे उपयुक्त हैं। जो दवाईयाँ आपको दी जा सकती हैं उनमें से कुछ दवाईयाँ निम्नलिखित हैं:

- पैरासिटामोल
- सूजन-रोधी दवाईयाँ (जैसे कि ibuprofen या diclofenac)
- Tramadol
- Opioid दवाईयाँ (जैसे कि Endone®, Oxycontin® या Targin®)

अपनी दर्द-निवारक दवाईयों का सेवन कैसे करें

निर्देशानुसार अपनी दर्द-निवारक दवाईयों का सेवन करें। सुझाव दी गई खुराक से अधिक खुराक का सेवन न करें।

अपने डॉक्टर द्वारा सलाह दिए जाने पर दर्द-निवारक दवाईयों के मेल का प्रयोग करें। इससे किसी एक दवाई की बड़ी खुराक की तुलना में कम दुष्प्रभावों के साथ दर्द से बेहतर राहत मिल सकती है।

हो सकता है कि कुछ दर्द-निवारक दवाईयाँ आपको नियमित तौर पर सेवन करने के लिए प्रिस्क्राइब की जाएँ। हो सकता है कि आपको 'आवश्यकतानुसार' प्रयोग के लिए एक दवाई भी प्रिस्क्राइब की जाए जिसका प्रयोग आप र अधिक दर्द का अनुभव होने पर करेंगे।

यदि आप दवाई की एक खुराक लेना भूल जाते हैं, तो उस खुराक को रहने दें और अगली खुराक सामान्य तरीके से लें। पिछली खुराक को पूरा (कैचअप) करने के लिए दुगनी खुराक का सेवन न करें।

दुष्प्रभाव

आप सम्भवत: जिन दुष्प्रभावों का सामना करेंगे उनमें शामिल हैं: जी मिचलाना, उल्टी आना, कब्ज़ और नींद आनी। यदि आपको नींद आने जैसा महसूस होता है तो गाड़ी न चलाएँ या मशीनरी का संचालन न करें।

अपने स्थानीय डॉक्टर से संपर्क करें यदि:

- आप दर्द के कारण सो नहीं पाते हैं
- आपके दर्द में सुधार होने की बजाए यह बढ़ता ही जा रहा है
- अपनी दर्द-निवारक दवाई का सेवन करने के बाद आपका दर्द दूर नहीं होता है
- आपको अपनी दर्द-निवारक दवाई से दुष्प्रभाव हो रहे हैं
- आप गलती से बहुत अधिक दर्द-निवारक दवाई का सेवन कर लेते हैं

अपनी दर्द-निवारक दवाईयों का सेवन करना बंद करना

अपने डॉक्टर से पूछें कि आपको अपनी दर्द-निवारक दवाईयों का सेवन कितनी देर के लिए करना है।

धीरे-धीरे अपनी नियमित दर्द-नियंत्रक दवाईयों का सेवन करना बंद करें। जब आपके दर्द में सुधार हो और आपको 'आवश्यकतानुसार' दर्द निवारक दवाई की अब ज़रुरत न हो, तो आप धीरे-धीरे अपनी नियमित दर्द-निवारक दवाईयों का सेवन करना बंद कर सकते हैं।

बची हुई शेष दवाईयाँ

जब आप अपनी सर्जरी से पूरी तरह से रिक्वर कर लेते हैं, तो बची हुई शेष दवाईयाँ सुरक्षित रुप से निपटान के लिए अपने स्थानीय फॉर्मासिस्ट के पास ले जाएँ।

दर्द निवारक दवाईयों का सेवन केवल चिकित्सीय परामर्श के बाद ही किया जाना चाहिए। अपनी दवाईयाँ रिश्तेदारों या मित्रों को न दें, भले ही उनके लक्षण आपके समान हों।

उपभोक्ता द्वारा समीक्षा की गई
मार्च 2020

English

Pain medicines after surgery

This information is intended to accompany prescription or supply of medicines for pain relief after surgery. Please refer to prescription or label for specific instructions.

Pain after surgery

It is normal to have some pain after surgery. You may need to take some medicines to control and relieve pain after surgery.

These medicines will help with reducing your pain and allowing you to get back to your usual activities more quickly.

Which medicines can help?

After your surgery your doctor will assess which pain medicines are most suitable for you. Some of the medicines you might be given include:

- Paracetamol
- Anti-inflammatory medicines (such as ibuprofen or diclofenac)
- Tramadol
- Opioid medicines (such as Endone®, Oxycontin® or Targin®)

How to take your pain medicines

Take your pain medicines as directed. Do not take more than the recommended dose.

When advised by your doctor use a combination of pain medicines. This can achieve better pain relief, with fewer side effects, than a large dose of a single medicine.

Some pain medicines will be prescribed for you to take regularly. You may also be prescribed a medicine to use 'as needed' when you are experiencing more pain.

If you forget to take a dose of medicine, skip that dose and take the next dose as usual. Do not take a double dose to catch up.

Side effects

Some of the side effects you may experience include nausea, vomiting, constipation and drowsiness. Do not drive a motor vehicle or operate machinery if you experience drowsiness.

Contact your local doctor if:

- you are unable to sleep because of pain
- your pain is increasing rather than improving
- your pain doesn't get better after taking your pain relief medicine
- you are experiencing side effects from your pain relief medicine
- you accidentally take too much pain relief medicine

Stopping your pain medicines

Ask your doctor about how long to take your pain medicines.

Stop taking your regular pain control medicines gradually. When your pain has improved and you no longer require your 'as needed' pain relief medicine, you can gradually stop taking your regular pain-relief medicines.

Leftover medicines

Once you have fully recovered from your surgery, take any leftover pain medicines to your local pharmacy for safe disposal.

Pain relief medicines should only be taken on medical advice. Do not give your medicines to relatives or friends, even if they have the same symptoms.

Consumer reviewed
March 2020